प्रादेशिक समाचार
29.12.2024 (दोपहर–1455 बजे)

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि संविधान हमारे लिए मार्गदर्शक है और यह बड़े गर्व की बात है कि भारतीय संविधान के अगले वर्ष 26 जनवरी को 75 वर्ष पूरे हो रहे हैं। आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम की 117वीं कड़ी को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि संविधान समय की हर कसौटी पर खरा उतरा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस वर्ष संविधान दिवस पर कई गतिविधियां शुरू हुई हैं, जो पूरे वर्ष भर चलती रहेंगी।

******************

प्रधानमंत्री ने मन की बात कार्यकम में उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में 13 जनवरी से आयोजित होने वाले महाकुंभ की भी चर्चा की।

******************

श्री मोदी ने फिल्म और मनोरंजन उद्योग को बधाई देते हुए कहा कि इसने एक भारत–श्रेष्ठ भारत की भावना को मजबूत किया है। प्रधानमंत्री ने खुशी जताई कि अगले वर्ष देश में पहली बार विश्व ऑडियो विजुअल एंटरटेनमेंट यानि वेब समिट का आयोजन होने जा रहा है। प्रधानमंत्री ने देश में मलेरिया के खिलाफ सफल लड़ाई का जिक्र किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि कैंसर के इलाज में आयुष्मान भारत योजना ने बड़ी भूमिका निभाई है।

******************

राज्य सरकार ने बालिका कैंसर प्रतिरक्षण योजना शुरू करने का निर्णय लिया है। इसके तहत नौ से 25 वर्ष तक के आयु वर्ग की किशोरियों और महिलाओं को सर्वाइकल कैंसर सहित अन्य प्रकार के कैंसर से बचाव के लिए ह्यूमन पेपिलोमा वायरस, एचपीवी का टीका लगाया जायेगा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग की ओर से इस योजना का प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है, जिसे मंजूरी के लिए कैबिनेट में भेजा जाएगा। पायलट प्रोजेक्ट के तहत इस योजना की शुरुआत राज्य के छह जिलों धनबाद, बोकारो, गिरिडीह, गोड्डा, देवघर और साहिबगंज में की जाएगी।

******************

धनबाद पुलिस ने 13 दिसम्बर को शाम में हुई गोलीबारी मामले का खुलासा कर लिया है। जिले के नगर पुलिस अधीक्षक अजित कुमार ने बताया कि गोलीकांड मामले में अपराधी फजल उर्फ फैजल खान को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार अपराधी की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त पिस्टल, दो जिंदा कारतूस और एक मोबाइल फोन भी बरामद किया गया है। नगर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि गिरफ्तार अपराधी अलीगढ़ उत्तर प्रदेश का रहने वाला है और उसका पुराना आपराधिक इतिहास रहा है।

******************

जामताड़ा जिले में संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने और शिशु को सभी आवश्यक टीके समय पर लगाने के साथ–साथ शिशु मृत्यु दर कम करने की दिशा में आवश्यक पहल की जा रही है।

******************

बिहार धार्मिक बोर्ड के अध्यक्ष और महावीर मंदिर ट्रस्ट्, पटना के सचिव आचार्य किशोर कुणाल का आज सवेरे हार्ट अटैक से निधन हो गया। वे 74 वर्ष के थे। आचार्य किशोर कुणाल को धार्मिक निकायों के माध्यम से दयालुता के कार्य करने में चैंपियन माना जाता है। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा, बाबूलाल मरांडी और पूर्व मंत्री सरयू राय समेत अन्य नेताओं ने आचार्य किशोर कुणाल के निधन पर दुख व्यक्त किया है।

******************

नयी दिल्ली में चल रहे राष्ट्रीय लॉन बॉल प्रतियोगिता में झारखंड की विभिन्न टीमों ने शानदार प्रदर्शन किया है। कल महिला टीम ने पंजाब को 60 –शून्य से हरा दिया। वहीं, पुरुष टीम ने मणिपुर को 36 –छह से हराकर मैच जीत लिया। इधर, बालिका अंडर 25 में झारखंड ने मध्यप्रदेश को 21–03 से हराया। पुरुष ट्रिपल में झारखंड की टीम ने चंडीगढ़ को 23–05 और बंगाल को 21 – 02 से हराया।

*********समाप्त********